Seventeenth Loksabha

>

Ttile: Need to provide water from Niradevghar and Gunjawani dams to drought-hit areas of Satara and Solapur in Madha-Laid.

श्री रंजीतसिन्हा हिंदूराव नाईक निम्बालकर (माधा): मेरा संसदीय क्षेत्र माधा पहले से ही सूखा ग्रस्त क्षेत्र है। महाराष्ट्र राज्य सरकार ने सोलापुर और सतारा के सूखाग्रस्त क्षेत्र का पानी बारामती को देने का फैसला किया है जबकि यह क्षेत्र बांध के अधिसूचित कमांड क्षेत्र के बाहर स्थित नीरा देवघर और गुंजवणी बांध से 55 फीसदी पानी बाई तट नहर से बारामती को दिए जाने से सूखाग्रस्त फलटण, मालशिरस, पंडरपुर, संगोला, सोलापुर व सतारा की लाखों जनता के साथ अन्याय हो रहा है। बांध का जल बारामती के गन्ना किसानों को भेजे जाने से सोलापुर और सतारा जिलों में पर्याप्त पेयजल नहीं मिल पा रहा है ।

अत: सरकार से आग्रह है कि इस बांध का पानी पुन: सतारा एंव सोलापुर के सूखाग्रस्त इलाके में दिया जाये ।